## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षित महिलाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**छिन्दवाड़ा।** महिलाओं को आर्थिक रूप से मज़बूत कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से ही महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाने के लिए पाल कला केंद्र द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने सौंसर के अन्ना भाऊ साठे मंगल भवन में पाल कला केन्द्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षित महिलाओं कों प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान कही। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि पाल कला केन्द्र में जरूरतमंद महिलाओं सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी डिज़ाइन सहित अन्य कलाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो कि एक सराहनीय पहल है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर हमारी बहने बेहतर रोज़गार पाकर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने सौंसर नगर में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी बहनों को डिप्लोमा प्रदान कर उन्हें भावी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### समस्त बूथों पर आयोजित होंगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती

**छिंदवाड़ा।** भाजपा छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर विशेष कामकाजी बैठक वार्ड क्रमांक 15 नई आबादी में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर संपन्न हुआ। बैठक में समस्त उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी विभिन्न धार्मिक स्थलों, शाला परिसरो,उद्यानों एवं सार्वजनिक चौराहा पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय रेलवे स्टेशन में मंडल के समस्त पदाधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छता अभियान वृहद स्तर पर चलाया जाएगा।

### अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत लागू, जांच कर कारवाई करें - कर्मचारी संगठन नेता चंद्रशेखर इंगले

# सैकड़ों अवैध डिग्रीधारकों को शिक्षा विभाग ने बनाया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा




महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय की फ्रेंचाइजी के माध्यम से बीए, एमए, 10 वी और 12 वी की परीक्षा देनवालों की डिग्री पूरी तरह अवैध है। लेकिन दूसरी तरफ जिला शिक्षा अधिकारी ने पांढुर्ना जिले सैकडों शिक्षकों को इन अवैध प्रमाणपत्रों के आधार पर उच्च पदों पर प्रभारी के रूप में बैठा दिया है।

यहां उल्लेखनीय है कि उक्त विश्वविद्यालय को जबलपुर हाइकोर्ट ने 2 माह पहले ही फर्जी करार दिया है साथ ही ग्वालियर खंडपीठ ने भी कह दिया है कि महर्षि योगी वैदिक वि.वि. के माध्यम से जारी प्रमाणपत्र अवैध है। गत 28 जुलाई को उच्च शिक्षामंत्री इंदर सिंह परमार ने बयान दिया है कि उक्त संस्थान के पास प्रवेश और परीक्षा केंद्रों की अनुमति नहीं है।

लेकिन बीते कुछ सालों में महर्षि योगी वैदिक वि.वि. से एफिलेटेड एक फ्रेंचाइजी ने पांढुर्ना और सौंसर के लगभग 1000 से जादा कामकाजी लोगों को डिग्रीयां वितरीत की। इनमें सौंसर और पांढुर्ना के लगभग 500 शिक्षक है जिन्होंने बीए और इंग्लिश या संस्कृत में एमए की शिक्षा इस फर्जी वि.वी. से ग्रहण की है। इसके अलावा 10 वी और 12 वी की परीक्षा देनेवाले 500-700 विद्यार्थी अलग है। इन 1000 लोगों को परीक्षा केद्र पांढुर्ना में दिया गया था जहां गाइडें और किताबें खोलकर लिखने और मोबाइल पर गुगल सर्च कर उत्तर लिखने की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले ने इस विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने शिक्षकों को वरिष्ठ पदों का प्रभार देते समय इनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणपत्रों का वेरिफिकेशन करना था। लेकिन वर्तमान में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत शिक्षा विभाग में पूरी तरह लागू हो गई है। जिन लोगों को वरिष्ठ पदों पर बैठने का अधिकार और पात्रता दोनों नहीं है उनके हाथों हजारों विद्यार्थियों का भविष्य चौपट कराया जा रहा है।

### नगर निगम आयुक्त ने दिए दिशा निर्देश

## शहर के विकास कार्यों की प्रगति पर हुई बैठक में समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड

नगर निगम आयुक्त ने रविवार को निगम सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।बैठक में आयुक्त ने सीसी रोड, नाली निर्माण, बिजली पोल, स्ट्रीट लाइट, पानी की लाइन, पीएम आवास योजना, अमृत योजना एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से परीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि—सीसी रोड एवं नाली निर्माण का कार्य तय समय में पूरा करें।बिजली पोल एवं वायरिंग का कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण हो।वार्डों में पानी की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण भवनों का कार्य शीघ्र गति से कराया जाए।अमृत योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग हो।नये निर्माण कार्यों की जियो टैगिंग एवं फोटो अपलोडिंग अनिवार्य रूप से की जाए।वार्डों में चल रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण नियमित रूप से किया जाए।सड़क, नाली और अन्य कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो उसकी जवाबदेही तय की जाएगी।बैठक में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को मनाने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## पैगंबर मोहम्मद के जीवन और उनके संदेशों के बारे में की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में 1500वें विलादते मुस्तफा के मौके पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मेहमाने खुसूसी मोहम्मद तहज़ीब कादरी साहब ने बेहतरीन तकरीर किया। यह कार्यक्रम 13 सितंबर 2025 को रात 9:30 बजे जामा मस्जिद सिंगोड़ी में आयोजित किया गया था। सदर इलमन भाई ने कहा विलादते मुस्तफा का जश्न 1500वें विलादते मुस्तफा के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।मोहम्मद तहज़ीब कादरी की तकरीर में मोहम्मद तहज़ीब कादरी साहब ने अपने भाषण में पैगंबर मोहम्मद के जीवन और उनके संदेशों के बारे में चर्चा की। इस कार्यक्रम में सामुदायिक एकता और सौहार्द का संदेश फैलाया गया। विलादते मुस्तफा का जश्न मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन का उत्सव मनाया जाता है। इस तरह के आयोजन सांस्कृतिक महत्व भी रखते हैं, जो समुदाय के लोगों को एक साथ लाने और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को मनाने का अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के आयोजनों से समुदाय में एकता और सौहार्द का संदेश फैलता है और लोगों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानने का अवसर मिलता है

## दूध मुंहे बच्चे की माँ को जाना पड़ा जेल

**परासिया :** परासिया थाना क्षेत्र की एक दूध मुहें बच्चे की माँ को जेल जाना पड़ा । बच्चे के पिता ने बीते बुधवार को खुद को फंदे पर लटका कर अपनी जान दे दी थी । इस मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी पर मामला दर्ज किया है । पुलिस ने अपनी जांच में पाया , कि पत्नी के उकसावे पर पति ने घर में खुद फांसी लगा ली । उसकी पत्नी ने शव को फंदे से उतारकर घर के पीछे रख दिया था । पुलिस ने महिला के खिलाफ बी एन एस की धारा 108 और 238 के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया , जहां से उसे जेल भेज दिया गया । आरोपी महिला का दस माह का बेटा है ।

### शतरंज के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा में अखिल भारतीय रैपिड रेटेड शतरंज स्पर्धा का आयोजन गौरवान्वित करने वाला है। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस स्पर्धा में देश के विभिन्न प्रांतों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेरे संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय रैपिड रेटेड शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को स्पर्धा समापन पर पुरस्कृत करने का अवसर मिला।

## 17 को पोला ग्राउंड में होगा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के दौरान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक ₹स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार₹ अभियान चलाया जायेगा। अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के धार जिले से 17 सितंबर 2025 को किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर तथा विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन व स्वैच्छिक रक्तदान जैसी गतिविधियां शामिल होगी। अभियान में आयोजित गतिविधियां विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर केन्द्रित होंगी। इसी के तहत 17 सितंबर को प्रदेश के 8 जिलों में जिला स्तर पर ₹मेगा हेल्थ कैंप₹ का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें छिंदवाड़ा जिला भी शामिल है। छिंदवाड़ा जिले में ₹विशाल स्वास्थ्य शिविर₹ का आयोजन प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह की विशेष उपस्थिति में जिला मुख्यालय पर पोला ग्राउंड में प्रातः 8 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। पूर्व में चिन्हित दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए जायेंगे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल बोर्ड का पैनल भी मौजूद रहेगा। यह मेगा शिविर मुख्यतः महिलाओं पर केंद्रित है, जिसका लाभ सभी जिलेवासी उठा सकते हैं। मेगा शिविर में 10 हजार जिलेवासियों की स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने सभी जिलेवासियों से 17 सितंबर को पोला ग्राउंड पहुंचकर इस ₹मेगा हेल्थ कैंप₹ का लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेश गोन्नाडे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस मेगा स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, माता एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किशोरियों में पोषण व एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, गैर संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, मुख्य स्तन एवं गर्भाशय, ग्रीवा कैंसर, एनीमिया सिकल सेल रोग तथा संचारी रोग जैसे क्षय रोग, कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## अनजान लिंक को ना करें शेयर हो सकता है बड़ा धोखा



**सौंसर।** रविवार को बाल मित्र योजना एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस के उत्कृष्ट आदिवासी कन्या छात्रवास सौंसर के विद्यार्थीयो को थाने का भ्रमण कराया गया एवं थानो पर होने वाली कार्यवाही एवं कार्यप्रणाली के संबंध मे जानकारी दी गयी।जन जागरुकता अभियान में पुलिस द्वारा सायबर के माध्यम से हो रहे सायबर फ्राड के संबंध में जागरुक किया गया एवं अनजानी लिंक पर क्लिक करने एवं अनजाने व्यक्ति से ओटीपी शेयर नही करने,छात्राओं को नशा मुक्ति के संबंध में जागरुक किया गया। छात्रो को महिलाओं का सम्मान करने, उनके अधिकारों, कानूनों की, करियर के संबंध में जानकारी दी गई। शासन द्वारा बच्चीयो एवं महिलाओ के लिए चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाएं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आकास्मिक हेल्पलाईन नंबर 112, मद्दत लेने की अपील की।पुलिस स्टेशन विजीट कार्यक्रम,भारतीय संविधान ओर मौलिक अधिकार,पुलिस थाना भूमिका और कार्य प्रणाली,पुलिस स्टेशन के प्रमुख पदबालिकाओ की सुरक्षा ओर बच्चो से संबंधित कानून के बारे में बताया। कार्यक्रम में, थाना प्रभारी सौंसर निरी. रुपलाल उईके एवं लगभग 30-40 छात्राए थी।

## दो दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विश्व दर्शन भवन के सभागार में ज्ञान सरोवर माउंट आबू राजस्थान से पधारे वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्मा कुमार रोहित भाई जी ने दो दिवसीय राजयोग शिविर में अपने उद्बोधन में कहा की अंधकार प्रकाश की जननी है यदि किसी मनुष्य जीवन में अंधकार व्याप्त है तो समझ जाना चाहिए कि उस मनुष्य की आत्मा उसे समप्रभा कोटी दिव्य प्रकाश की ओर आगे बढ़ रहा है अहंकार को चोट पड़ने पर उसकी पकड़ ढीली पड़ती है दर्द रूपांतरण की प्रक्रिया है दर्द अथवा दुख प्रश्न करता है कि ₹अंततः आखिर मैं कौन हूं ? आज मानवी समाज एक दूसरे के घृणा ,नफरत मैं इतना बटा है , हम सबके द्वारा बिना नफरत घृणा की दूरी बनाई जा सकती है। यह शक्तिशाली कदम है , प्रेम के साथ पीछे हटना और सकारात्मक अपनी ऊर्जा की रक्षा करना। मन में नकारात्मक विचार आना ही पाप है ऐसा नहीं की मन में निगेटिव विचार आएंगे नहीं, आएंगे परंतु उसे अपनी पहचान बनाना ठीक नहीं उन नकारात्मक विचारों को अपना नहीं समझना चाहिए। अकर्ता का भान खत्म हो जाएगा, आज संसार में जितने भी मनुष्य हैं, वे नियति द्वारा प्रदत सृष्टि रंगमंच पर अपना किरदार निभा रहे हैं, उसमें होने वाले संवाद और एक्शन वे आपके नहीं है।

## भाजपा के द्वारा बढ़ाए गए टैक्स के खिलाफ सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

### कांग्रेस 18 सितम्बर को करेगी हल्ला बोल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जनता को सौगातें दी, टैक्स की मार कभी नहीं दी। नेताद्वय का हमेशा ही यह मानना रहा है कि जनता को सुविधाएं दी जाए, ना कि दुविधाएं। कांग्रेस शासित निगम में जनता को सुविधाएं मिली, विकास मिला और सौगातें मिली, किन्तु जैसे ही निगम में भाजपा की सरकार आई उन्होंने सबसे पहले जनता पर टैक्स का बोझ डाला और जनता की जेब काटना शुरू किया। उक्त उदगार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

शहर कांग्रेस की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री ओकटे ने कहा कि भाजपा ने जनता पर केवल भारी टैक्स का बोझ डाला है जिसके तले जनता दब चुकी है। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजन से कहा कि जनता के हक और अधिकार की लड़ाई व जनता पर हो रहे प्रत्येक अन्याय के खिलाफ कांग्रेस ने ही लड़ाई लड़ी है, आज भी लड़ रही और आगे भी लड़ती रहेगी, क्योंकि आजादी के लिए पहले अंग्रेजों से लड़ी अब चोरों से लड़ रही है, भ्रष्टाचारियों से लड़ रही और जनता के साथ अन्याय करने वालों के साथ लड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा विरोध किए जाने के बाद भी भाजपा ने मनमानी करते हुए जनता पर बढ़ा हुआ टैक्स थोपा है।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने कहा कि शहर कांग्रेस और कांग्रेस पार्षद दल ने टैक्स के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनसमर्थन जुटाया, अब 18 सितम्बर को जन आंदोलन के माध्यम से निगम में फैली अनियमितताओं, आमजन को हो रही अनेकों असुविधाओं व बढ़े हुए टैक्स के खिलाफ कांग्रेस पार्षद दल एवं शहर कांग्रेस कमेटी हल्ला बोल आंदोलन कर बढ़ा हुआ टैक्स वापस लेने की मांग करेगी। राजीव भवन में प्रातः 11 बजे समस्त कांग्रेसजन एकजुट होंगे जिसके उपरांत रैली के रूप में निगम कार्यालय पहुंचेंगे।

## शिक्षकों के सम्मान के साथ मिली मराठा समाज को सामाजिक भवन की सौगात

### सांसद ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से होगा भव्य भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला क्षत्रिय मराठा समाज का शिक्षक व गुरुजनों का सम्मान समारोह इमलीखेड़ा स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर परिसर में शनिवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू नगर निगम के महापौर विक्रम अहके उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सांसद विवेक साहू ने सावित्री बाई फुले सम्मान समारोह में शामिल सभी शिक्षकों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। आज देखा जाए तो शिक्षक विपरीत परिस्थिति में कार्य कर रहे हैं। और विपरीत परिस्थिति में वे हमारी आगे आने वाली पीढ़ी को सही रास्ता दिखा रहे हैं। क्षत्रिय मराठा समाज समय-समय ऐसे आयोजन करता है ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक एकता बनी रहती है। जिस समाज में एकता होती है वही समाज आगे बढ़ता है। पिछली बार में मैंने कहा था कि मराठा समाज का एक भवन होना चाहिए। जिसके लिए आप भूमि तलाश लो। तो अब आपका इंतजार भी खत्म होता है। समाज का अब खुद का भव्य भवन होगा जिसका नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से होगा। सांसद ने तत्काल भवन निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की। जिसके बाद पूरा पंडाल जय भवानी जय शिवाजी के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को महापौर विक्रम अहके और जगेन्द्र अल्डक ने भी संबोधित किया।

## सौंसर के घर घर में हो रहा है वृक्षारोपण

**सौंसर।** रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपन किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 12 में श्री यादव द्वारा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए परिवार सहित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत करंजी ,पारिजात व अशोका के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मोरेश्वर केचे, अंगद ठाकुर , कृष्णा लोणारे, कृष्ण राव पिंपलकर राजा लोणारे व वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे उपस्थित थे। श्री यादव के व्दारा पर्यावरण को सुरक्षित और सरक्षित रखने के उपायो को विस्तृत रूप से बताया गया।



### दोनों जिलों में 25 दिसंबर तक आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव

## अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाकर सांसद खेल महोत्सव को बनाये सफल : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट इंडिया के माध्यम से जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले के सरकारी और प्राईवेट स्कूलों में सांसद खेल महोत्सव के प्रथम चरण में 21 सिंतबर से 30 सिंतबर तक विभिन्न खेल गतिविधियां होगी। जिसमें आप सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुये सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाना है। इसके माध्यम से दोनों जिलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। यह बात रविवार को पूजा लॉन के हॉल में आयोजित सांसद खेल महोत्सव की दुसरी बैंठक लेते हुये सांसद बंटी विवेक साहू ने कही। उन्होने कहा कि सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला और ब्लाक स्थत पर सभी की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। सांसद खेल महोत्सव की सभी जानकारी समय-समय पर बेवसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी।

सांसद श्री साहू ने कहा कि जहां जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों एवं वार्ड स्तर तक के सभी खिलाड़ियों को सांसद खेल महोत्सव मे विभिन्न खेलों में खेलने का अवसर मिलेगा वहीं चयनित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर भी दिया जायेंगा। दोनों जिलों के प्रतिभागी सांसद खेल महोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर आगामी औलम्पिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में जिलें का प्रतिनिधित्व करे। सांसद खेल महोत्सव प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सांसद बंटी विवेक साहू ने बैठक के दौरान छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले से आये हुये सभी बीआरसी, खेल अधिकारियों, स्कूलों के प्राचार्यों, पीटीआई, ब्लाक प्रभारियों और आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में क्यूआर और बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन कराते हुए खिलाडियों को उक्त खेल महोत्सव का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करे।

### पारंपरिक खेलों की शान है कुश्ती : सांसद

**छिंदवाड़ा।** हमारे पारंपरिक खेलों में कुश्ती की एक अलग ही शान है। प्राचीन काल से ही मल्लयुद्ध वीरता और शारीरिक सौष्ठव का प्रतीक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में प्राचीन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने चौरई के ग्रामीण क्षेत्र कपूर्दा में आयोजित विशाल दंगल प्रतियोगिता के कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। सांसद श्री साहू ने विशाल दंगल प्रतियोगिता में शामिल होकर बलवीरों का उत्साह वर्धन कर इस ओजपूर्ण खेल का आनन्द लिया। रोमांच, उत्साह और वीरता से भरपूर इस मल्ल युद्ध के अखाड़े में स्थानीय पहलवानों के साथ-साथ दूरदराज से आए बलवीरों ने अपनी कला, दांवपेंचों का अनुपम प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमुदाय को रोमांचित कर दिया।

## सेंट्रल स्कूल में नन्हें नयन की सुरक्षा हेतु नेत्र जांच शिविर



**बड़कुही।** बच्चों की आंखें सुरक्षित और स्वस्थ रहें, इसी उद्देश्य से सेंट्रल स्कूल बड़कुई में आज एक विशेष नेत्र जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन लायंस आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, परासिया के सौजन्य से संपन्न हुआ।शिविर में विद्यालय के बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जोन चेयरमैन लायन भीम मुगिया, लायन संजय अग्रवाल, लायन अनिल श्रीवास्तव, सचिव लायन कपिल वर्मा, अध्यक्ष लायन हरिशंकर साहू तथा लायन डॉ. राजेन्द्र सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों के लिए आंखों की देखभाल और नियमित जांच की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।लायंस आई हॉस्पिटल परासिया द्वारा लगातार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर समाज में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सामाजिक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के अभिभावकों को भी आंखों की जांच व देखभाल में सजग रहने की अपील की।यह आयोजन नन्हें बच्चों की उज्ज्वल दृष्टि और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

## अभद्रता करने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग

# नर्सिंग स्टाफ को चाहिए रात्रिकालीन सुरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल सिविल अस्पताल पांढुर्ना के नर्सिंग स्टाफ ने एसडीएम कार्यालय, एसडीओ पुलिस तथा महिला थाना में शिकायत देकर रात्रिकालीन पुलिस सुरक्षा और विडियो निकालते हुए अभद्रता करनेवाले एक युवक पर तत्काल कारवाई की मांग की। नर्सिंग स्टाफ के समर्थन में बीएमओ डॉ. दिपेंद्र सलामे, डॉ. विनीत श्रीवास्तव तथा डॉ. मिलिंद गजभिए के अलावा अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। नर्सिंग स्टाफ ने शिकायत में कहा है कि सिविल अस्पताल में प्रतिदिन रात्रि में ड्यूटी करनेवाले स्टाफ में 95 प्रतिशत महिलाएं होती है। इसलिए रात्रि के समय न्यूनतम 2 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी वादविवाद, अभद्रता या उत्पात मचाने वाली अनहोनी घटनाओं के मद्देजर अस्पताल में लगाई जानी चाहिए। नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि दो दिन पूर्व रात्रि के समय एक व्यक्ति ने आकर टीबी के मरीज पर दबाव डालकर विडियो बनाया। इसके बाद एक दिन पहले भी यही व्यक्ति रात्रि के समय अस्पताल में आया और नर्सिंग स्टाफ से अभद्रता करते हुए धमकी देकर विडियो बनाया। नर्सिंग स्टाफ ने अभद्रता कर धमकी देते हुए विडियो बनानेवाले युवक पर कारवाई की मांग की है।

## खमारपानी भाजपा मंडल की बैठक सम्पन्न

**बिछुआ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक भाजपा द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जाना है,इसी को लेकर शनिवार को भाजपा मंडल खमारपानी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई ,बैठक का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया,इसी दौरान नवयुक्त जिला मंत्री श्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे के प्रथम आगमन पर मंडल कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया,इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मंडल पदाधिकारी,मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



## महाराजा शंकर शाह, कुँवर रघुनाथ शाह का मनाया जाएगा बलिदान दिवस



**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन नगर में आदिवासी क्रांतिकारी महाराजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया, कि 18 सितंबर को बलिदान दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें सर्वप्रथम 12 बजे महाराजा शंकर शाह, कुँवर रघुनाथ शाह चौक चिखली बस्ती में सतरंगी ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद विशाल रैली निकाली जायेगी। जिसमें आदिवासी संस्कृति का परिचय देते हुए ढोल नगाड़ों, गुन्नरशाही, शैला नृत्य, गेड़ी नृत्य टोली के साथ रैली नगर भ्रमण कर सतपुड़ा मंगल भवन कार्यक्रम स्थल पहुचेगी। यहाँ पर सर्वप्रथम प्रकृति शक्ति बडा देव की महासुमरनी की जायेगी। तत्पश्चात संस्कृति कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक, फौजी, पुलिस व शिक्षा, खेल, कला, व्यापारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। आदिवासी धर्मगुरुओं, जिलापदाधिकारीयों का समाजसुधार पर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के समापन पर भोजन प्रसाद होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक की अध्यक्षता माया धुर्वे जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, संजय सराठी, जिलाउपाध्यक्ष, अश्वनी मरकाम संरक्षक न्यूटन, द्वारा की गई। बैठक में पूरन मरकाम ब्लॉक सचिव, राहुल सराठी ब्लॉक उपाध्यक्ष, रूपेश इरपाची ब्लॉक महामंत्री, विजय बरकड़े, सकरलाल युनाती, मनोज मरकाम, कालीचरण इरपाची, दीवानलाल इरपाची, मयालाल मरकाम, दयालाल मरकाम, रामगोपाल इरपाची, संजय इरपाची, श्याम परतेती, अरविंद भलावी, नीरज इरपाची, मातृशक्तियां सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सिलोरा कंपनी में हो रहा है तिरंगे का अपमान



**सौंसर।** ग्रामीणो के द्वारा सौसर थाना प्रभारी को सोपे ज्ञापन में सिल्लोरा में संचालित कंपनी में भारतीय ध्वज तिरंगा का उंल्लघन करने पर कार्यवाही करने की माग की है। ज्ञापन में एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत धूर्वे,योगेश अम्बाडरे,राजू गोमकाले,मोहित धुर्वे, अर्जुन बावने,ने बताया कि लोहिया ग्रिन एनर्जी कंपनी सिल्लोरा रामपेठ द्वारा बॉयलर पर तिरंगा लगाया गया है, तिरंगे पर बॉयलर से निकलने वाला प्रदुषित सिधा भारतीय ध्वज तिरंगे पर जा रहा है, जिससे ध्वज का अपमान हो रहा है।कंपनी प्रबंधन को पूर्व में कई बार इसकी सूचनाओं दी गई है परंतु कंपनी प्रबंधन के द्वारा इस जानबूझकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणो का निवेदक है कि कंपनी प्रबंधक पर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए।

## श्री षष्ठी समिति द्वारा रिदम गरबा नाइट का आयोजन की प्रक्टिस क्लास का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

माँ के पवन नौ रात्र प्रारम्भ होने वाले है जिसकी तैयारियां नगर मे जोरो पर चल रही है वही दूसरी औऱ इस पवन अवसर को औऱ भी भव्य बनने के लिए श्री षष्ठी समिति चौरई द्वारा 25 सितम्बर दिन गुरुवार को रिदम गरबा नाईट का भव्य आयोजन आशीर्वाद लॉंन मे किया जा रहा है जिसकी प्रक्टिस वलास का आज शुभराम्भ पत्रकार बंधुओ की उपस्थिति मे किया गया! समिति सदस्यों ने जानकारी दी की गरबे का आयोजन सभी वर्ग के लिए किया गया सभी के लिए व्यवस्थाएं अलग अलग की गई है



साथ ही उत्कर्ष प्रदर्शन करने वालो के लिए पुरुस्कार भी समिति द्वारा रखा गया है इस आयोजन का शुभारम्भ प्रक्टिस क्लास से किया गया है समिति सभी आमजनों से आग्रह व निवेदन करती है की इस आयोजन मे समिलित होकर आयोजन को भव्य बनाये।

## शासकीय आपचारीकेत्तर शिक्षा संघ की हुई बैठक

**सौंसर।** रविवार को शासकीय आपचारीकेत्तर शिक्षा संघ की ओर से हनुमान मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई है।बैठक के संबंध में जाने करी देते हुए रामेश्वर कोल्हटकर, सेवाराम भाड़े ने बताया कि बैठक में अनुदेशक पर्यवेक्षकों का स्नेह सम्मेलन हुआ है जिसमें अनौपचारिक के तार अनुदेशकों जो कि वर्तमान में सरकार शासन द्वारा गुरुजी पात्रता 2008 में पास की जा रही है संविदा शिक्षक वर्तमान 2025 में प्राथमिक शिक्षक पर कार्यरतें इस संबंध में अनुदेशक पद पर इसे प्रथम नियुक्ति की जानी चाहिए इस विषय को लेकर चर्चा की गई साथ ही इसी संबंध में कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी लालबर्रा जिला बालाघाट के आदेश के अनुसार एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कर्मचारियों का प्रपत्र एक का अपडेट संबंध में चर्चा कर पांढुर्णा छिंदवाड़ा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का निराकरण आदि करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।इस दौरान सेवाराम पवार, शेषराव डोंगरे, गजानन गोखे,रत्नाकर गोमकाले, गणपति भोयर,पुरुषोत्तम डोंगरे, खेमचंद गॉगडे आदि थे।



## 1,17,06,056/- रूपये की समझौता राशि वसूली

# 06 खण्डपीठों में 115 प्रकरणों का निराकरण

### नेशनल लोक अदालत सफलतापूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में 13 सितम्बर शनिवार को तहसील न्यायालय वारासिवनी में श्रीमती कविता इवनाती जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के नेतृत्व में वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः साढ़े 10 बजे व्यवहार न्यायालय वारासिवनी के समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण के साथ ही पक्षकारों की उपस्थिति में विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी श्रीमती कविता इवनाती के करकमलों द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प सुमन एवं प्रसाद अर्पित कर उद्घाटन किया गया।

नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में कुल 05 खण्डपीठों का गठन किया गया। गठित खण्डपीठ क्र. 16 के पीठासीन अधिकारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी प्रकरणों के 10 मामलों का निराकरण किया जाकर 59,15,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। हिन्दू विवाह से संबंधित 01 मामलों का निराकरण किया गया एवं अन्य सिविल संबंधी 02 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार कुल 13 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल 59,15,000/- रूपये के अवार्ड पारित किये गए। खण्डपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता आर.के. सोनवाने उपस्थित रहे।

खण्डपीठ क्र.17 के पीठासीन अधिकारी कमलेश मीणा प्रथम ज़िला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वारासिवनी की खण्डपीठ से मोटर दुर्घटना दावा एवं क्षतिपूर्ति से संबंधित 16 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 33,52,500/-रूपये की समझौता राशि प्राप्त की गई।

## मध्यप्रदेश सरकार ने किया 11 जिलों का चयन

# भगवान श्री राम वन गमन पथ पर स्थित रामपायली में मनाया जायेगा दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भगवान श्री राम वन गमन पथ पर स्थित 11 जिलों में दीपोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया है। जिसमें चित्रकूट से लेकर छत्तीसगढ़ सीमा के करीब स्थित अनूपपुर एवं बालाघाट जिले की भगवान श्री राम की नगरी रामपायली तक दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने बताया कि राज्य सरकार वन गमन पथ को विकसित कर रही है, इसके लिए स्थल चयन को अंतिम रूप देने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है। भगवान श्री राम से जुड़े स्थल के अतिरिक्त ऐसे स्थान चिन्हित होंगे, जहां लोग आसानी से पहुंच सके। दीपोत्सव में लोग अपने घरों में भी दीप जलाए, इससे आमजन को इस बात का गर्व होगा कि भगवान श्रीराम उनके जिले एवं गांव से होकर गुजरे थे।

### बालाघाट जिले के रामपायली सहित 11 जिलों का चयन



उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 11 जिलों में स्थल चयन किया गया हैं। जिसमें बालाघाट जिले की रामपायली में भी दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। राम वन गमन पथ पर रामपायली को जोड़ा जाना हमारे लिए सौभाग्य की बात हैं, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हम जनता की ओर से आभार, स्वागत अभिनंदन करते है। संस्कृति विभाग द्वारा 11 जिलों में दीपोत्सव मनाने हेतु निर्देश दिए गए हैं, जिसमें बालाघाट जिले में रामपायली, मंडला जिले में सीतारपटन, उमरिया में राममंदिर दशरथ घाट एवं मार्कंडेय आश्रम, शहडोल के गंधिया, अनूपपुर के करवाई में स्थित सीतामढ़ी, जबलपुर में पिपरिया के पास रामघाट, नर्मदापुरम में पासीघाट एवं माच्छा के राममंदिर, मैहर में जानकी मंदिर, कटनी के भरभरा में शिव मन्दिर, पन्ना के पहाड़ी खेरागांव में बृहस्पतिकुंड, सारंगधर गांव में सुतीक्ष्ण आश्रम, बडग़ांव में अग्निजीव्हा आश्रम एवं सलेहा में अगस्त्य आश्रम, सतना जिले के चित्रकूट में स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सिलहा गांव में सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, रक्सेला गांव में सीता रसोई एवं रामशेल शामिल है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार राम वन गमन पथ में चिन्हित स्थलों के अतिरिक्त नए स्थल का चयन हेतु सर्वेक्षण करा रही हैं। इसमें 10-15 स्थान और जुड़ सकते है। राज्य सरकार राम वन गमन पथ को विकसित कर रही है, इन स्थलों को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा तथा सभी को एक सर्किट से जोड़ा जाएगा।

## राणा हनुमान सिंह जी की 111वी जयंती पर किसान संगोष्ठी, मानव स्वास्थ्य एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव किरनापुर में श्रद्धेय स्वर्गीय राणा हनुमान सिंह की 111 जयंती पर जन स्वास्थ्य शिविर व किसान संगोष्ठी, मानव स्वास्थ्य एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार द्वारा राणा हनुमान सिंह के छायाचित्र पर फूल माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यो को उनके जयंती के अवसर पर कृषि के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण किया गया। जिले में कोदो, कुटकी, रागी का क्षेत्र बढ़ाया जाना पर जोर दिया एवं राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किसानों को निरंतर मौसम की जानकारी मिलने से जिले के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में श्री विनय सरस्वार ने कृषकों से कहा कि अधिक से अधिक किसान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के सम्पर्क में रहते हुए खेती में सुधार करें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लांजी-किरनापुर सुश्री हिना लिखीराम कावरे द्वारा विधायक रहते हुये अपने अमेरिका दौरा के समय वहां के खेती के नये-नये आयामों के बारे में किसानों को बताया एवं राणा हनुमान सिंह के कार्यों को स्मरण किया।राणा हनुमान सिंह जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में किसान संगोष्ठी, मानव स्वास्थ्य एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस आर धुवारे के मार्गदर्शन एवं जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सरस्वार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव से डा.एस आर धुवारे के द्वारा केन्द्र में किए जा रहे कार्यों की प्रगति प्रस्तुति की साथ ही उपस्थित कृषकों को कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीकी अपनाने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती के लाभ बताये तथा जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी, नीमास्त्र आदि बनाने की विधि किसानों को जानकारी दी एवं डॉ.डी आर अगासे द्वारा प्रक्षेत्र में प्रजनक बीज उत्पादन 10 हेक्टेयर में लगी धान फसल की किस्मों से कृषको को अवगत कराया गया। साथ ही केन्द्र में प्रजनक बीज उन्नत किस्म जे.आर. 81, जे.आर. 10, जे.आर. 206 एवं स्वर्णा सब-1 आगामी समय में जिले के किसानों को बीज उपलब्ध हो सकेंगा।

कार्यक्रम में आये कृषकों ने ने कृषकों को विभागीय योजनाओं एवं कृषि लागत कम करने एवं उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों की जानकारी प्रदान की। यह कार्यक्रम में बीएमओ डॉ वर्षा चौबे ने बताया मानव स्वास्थ्य शिविर में 227 लोगों ने जांच कराया व एवं दवाईयों का वितरण किया गया एवं पशु स्वास्थ्य शिविर में 198 पशुओं को टीकाकरण एवं दवाईयों का वितरण किया। इस दौरानम.प्र. शासन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व, पूर्व विधायक लांजी-किरनापुर सुश्री हिना लिखीराम कावरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा, राणा हनुमान सिंह ट्रस्ट के श्री विनय सिंह सरस्वार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चेतना अजय कुर्राहे, श्रीमती मीर राधेश्याम सिंघनधूपे, मुकेश जोशी रणजीत सिंह चौहान जितेंद्र सिंह चौहान अनूप सिंह हरेंद्र सिंह प्रकाश चतुर मेहता यशवंत सिंह कृषि विश्वविद्यालय से श्रीमती ए एस शर्मा, सहायक दिलीप शिव, जनपद पंचायत के सदस्यों एवं आसपास की 25 पंचायतों के सरपंचों एवं क्षेत्र से आए हुए 300 से अधिक किसानों की उपस्थिति रहीं।

## पुष्पकला बाई मस्करे का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**लांजी।** लांजी के बालाघाट रोड निवासी डॉ. संजय मस्करे की माता जी श्रीमती पुष्पकला बाई मस्करे उम्र लगभग 75 वर्ष का निधन 14 सितंबर 2025 को सुबह 5 बजे हुआ। वह अपनी मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से परिवार और वार्डवासियों में शोक की लहर है। श्रीमती पुष्पकला बाई मस्करे के निधन से शोकाकुल परिवार को गहरा दुख पहुंचा है। उनके पुत्र डॉ. संजय मस्करे और कृष्णा मस्करे ने अपनी माता जी के निधन की खबर साझा की है। वह अपने पीछे एक गहरी छाप छोड़ गई हैं जो हमेशा जीवित रहेगी। श्रीमती पुष्पकला बाई मस्करे का अंतिम संस्कार 15 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे लांजी के मोक्ष धाम में किया जाएगा। इस दौरान परिवार के सदस्य और वार्डवासी उपस्थित रहेंगे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



## रक्तदान से बड़ा कोई दान नही-विवेक पटेल

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाटोला में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वसमाज के लोगों ने बढ़ चढक़र रक्तदान किया।




कार्यक्रम से पहले नवनिर्वाचित विधायक विवेक विक्की पटेल ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल का संत निरंकारी फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। जिसके बाद जनप्रतिनिधि सहित समाज के वरिष्ठजनों, युवा साथियों ने बड़ी संख्या में लगभग 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस दौरान संत निरंकारी मंडल बालाघाट के संयोजक प्रकाश खटवानी, हरिराम तनवानी, जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, गिरधारी मसराम, नारायण गोमासे, जय चापूकर, दुर्वेश अम्बाडकर सहित संत निरंकारी मिशन के सेवादार मौजूद रहे।

विधायक श्री पटेल ने कहा कि लोगों में इस बात का काफी भ्रम हैं कि रक्तदान करने से उनके शरीर में कमजोरी आ जायेगी और स्वास्थ्य पर काफी खराब असर पड़ता हैं। मगर ऐसा कुछ नहीं होता, हमारे शरीर में प्रत्येक चार महीने में ब्लड का निर्माण होता है। हमें जब भी लोगों को रक्त की आवश्यकता पड़े, हमें जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्त कीएक-एक बून्द कीमती होती है, हमें इसका अहसास तब होता हैं, जब आपात स्थिति में रक्त की हमें आवश्यकता पड़ती है।

श्री पटेल ने कहा कि रक्तदान से हम कई घायलों, बीमार लोगों को असामयिक मृत्यु से बचा सकते है। रक्तदान किसी व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने से बड़ा और कोई काम नहीं हैं, रक्तदान बड़े ही पुण्य का काम हैं। सडक़ दुर्घटना में घायलों को बड़ी मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है, रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने से आज के युग में कोई बड़ा दान नहीं है, इसलिए सभी लोग रक्तदान करे और सभी को जगरूक करें।

**खबर संक्षेप**

## 02 नवंबर को मलारा में लगेगा पहलवानों का मेला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मलारा में इस वर्ष भी परंपरागत विशाल ईनामी दंगल का आयोजन आगामी 2 नवंबर को किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर गाँव के पंचायत भवन में गत दिवस एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस साल के दंगल की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार की गई। ग्रीन सिटी एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ खान ने बताया कि यह दंगल हर वर्ष आयोजित किया जाता है जो क्षेत्र के सबसे बड़े और रोमांचकारी आयोजनों में से एक है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति एवं पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं में खेल भावना जगाना है। बैठक में दंगल के नियमों, सुरक्षा व्यवस्था, पुरस्कार राशि और आमंत्रित विशेष पहलवानों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# पति-पत्नी के एक साथ मिले शव क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के उगली थाना क्षेत्र के ग्राम उगदीवाड़ा से सनसनीखेज घटना सामने आई। इसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। पति-पत्नी की लाशें एक ही जगह पर देखकर सबके पैरों तले जमीन खिसक गई। बताया जा रहा है कि महिला का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा था। उसके मुंह पर जबरन पत्ते ठूंसे हुए थे। वहीं, पास ही पेड़ पर उसका पति फांसी के फंदे पर लटका मिला।

दरअसल, मृतक फूलचंद धुर्वे और उनकी पत्नी गीता धुर्वे गांव के सामान्य मजदूर परिवार से थे। रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। परिजन पूरा दिन उनके वापस लौटने का इंतजार करते रहे। लेकिन शाम होते-होते नहीं लौटेतो बेचैनी बढ़ने लगी। देर रात तक दोनों का घर न लौटना ग्रामीणों के बीच चिंता और आशंका का कारण बन गया।

### जंगल का नजारा देख उड़े होश

परिजनों और आसपास के लोगों ने हरसंभव जगह पर जानकारी




लेने की कोशिश की। लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चला। पूरे गांव में यह चर्चा फैल गई कि कहीं जंगल में कोई अनहोनी न हो गई हो। सुबह होते ही दर्जनों ग्रामीण जंगल की ओर खोजबीन के लिए निकले। कुछ ही देर बाद उन्हें ऐसा मंजर देखने को मिला जिसने सभी के होश उड़ा दिए।

### महिला की हत्या की पुष्टि

ग्रामीणों ने सबसे पहले महिला गीता धुर्वे का शव देखा। शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ था। उसका गला दबाकर मुंह मे पत्ते इत्यादि ठूंसा गया था। यह साफ संकेत था कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। महिला का शव देखने के बाद वहां मौजूद लोग कांप उठे। कुछ ही दूरी पर पेड़ से लटकता हुआ फूलचंद धुर्वे का शव भी नजर आया। पति-पत्नी दोनों की लाशें पास-पास देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं। पूरा घटनास्थल पुलिसिया जांच की दृष्टि से महत्वपूर्ण था, इसलिए ग्रामीणों ने तुरंत उगली थाना पुलिस को सूचना दी।

### मर्डर के बाद सुसाइड की आशंका

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए यह आशंका जताई गई कि संभवतः पति ने पहले किसी विवाद या गुस्से में पत्नी की हत्या की। फिर अपराधबोध या भय की वजह से खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि यह केवल प्रारंभिक अनुमान है।

ग्रामीणों का कहना है कि फूलचंद और गीता के बीच ऐसा कोई बड़ा विवाद कभी देखने या सुनने में नहीं आया था। यही वजह है कि अब इस वारदात के पीछे और भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## 20 को होगा साक्षरता महायज्ञ

**बरघाट।** उल्लारस नवभारत कार्यक्रम के अन्तर्गत बरघाट ब्लायक में 20 सितम्बकर को साक्षरता का महायज्ञ होने जा रहा है जिसको लेकर विकास खण्डा स्रोत समन्व यक एवं साक्षरता ब्लााक प्रभारी रक्षानंद झा ने जानकारी दी कि बरघाट ब्लााक में 81परीक्षा केन्द्रा बनाये गये हैं जिसमें कुल 1546 असाक्षर परीक्षा देकर ज्ञान प्राप्तब करने में आहूति देंगें। समाज में ज्ञान का प्रसारण करते हुए 800 स्वकयं सेवक इस कार्य में निःशुल्कू सेवा दे रहे हैं। हर छः माह में यह परीक्षा आयोजित होती है, जिसमें असाक्षरों को अक्षत पोथी के अन्तरर्गत अध्यसयन कार्य कराया जाता है। जिसके आधार पर असाक्षर परीक्षा उत्ती र्ण कर ज्ञान के मार्ग में आगे बढ़ते हैं। अरी संकुल सहसमन्वतयक संजय तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत अरी संकुल में 9 परीक्षा केन्द्रे बनाये गये हैं जिसमें 280 असाक्षर परीक्षा केन्द्रआ में सम्मिलित होंगे। जिसकी तैयारी के लिए समाज सेवी स्वेयं सेवक द्वारा घर-घर जाकर अध्य2यन कार्य कराया जा रहा है उल्लायस नवभारत साक्षरता कार्यक्रम राष्ट्री य कार्यक्रम के साथ-साथ समाज सेवा का उत्तहम कार्य है जिसे करने से मन में संतोष प्राप्ता होता है। बताना चाहेंगे कि इस कार्य को करने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ताभ शासन द्वारा नहीं दिया जाता तब भी इस मिशन में कार्य करने वाले कर्मचारी अपने स्वायं के व्यतय से यात्रा करते हुए इस राष्ट्री य कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्री य शिक्षा नीति 2020 के अध्याटय 21 के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम वर्ष 2022 से 2027 तक लागू किय गया है, इसका मुख्यइ लक्ष्यट 15वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित वयस्कों को साक्षर बनाना यह पहल केवल अक्षर पहचान तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें सख्याात्म5क ज्ञान, डिजीटल साक्षरता,वित्ती य साक्षरता और जीवन कौशल को भी शामिल किया गया

# सिवनी का गौरव: निकिषा बघेल बनीं सहायक संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

जिले की केवलारी तहसील की होनहार बेटी निकिषा बघेल, सुपुत्री रघुनंदन सिंह बघेल एवं श्रीमती राजकुमारी बघेल, ने मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2024 में शानदार सफलता अर्जित की है। उनका चयन प्रतिष्ठित पद सहायक संचालक (वित्त विभाग) पर हुआ है। निकिषा ने पाँचवीं तक की शिक्षा दीप ज्योति पब्लिक स्कूल, केवलारी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 6 से आगे की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय से पूरी की। स्नातक शिक्षा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर से तथा स्नातकोत्तर शिक्षा राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा से की। शिक्षा के साथ-साथ वे एनसीसी में भी सक्रिय रहीं, जिसने उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना का विकास



किया।साथ ही उन्होंने ताइक्वांडो में क्षेत्रीय स्तर प्रतिनिधित्व कर खेल क्षेत्र में भी प्रतिभा दिखाई। निकिषा की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। उन्होंने साबित किया है कि "यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हों, तो सफलता निश्चित है। उनकी सफलता केवलारी और सिवनी जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# षड्यंत्र पूर्वक आदिवासी महिला की जमीन को हथियाने वाले दबंगों के अवैध कब्जे पर कब चलेगा बुलडोजर

**जिला सिवनी पुलिस कप्तान से आदिवासी महिला ने लगाई न्याय के लिए गुहार क्या सिवनी कप्तान महिला को न्याय दिला पाएंगे या इसी तरह न्याय के लिए भटकते रहेगी आदिवासी महिला जिले में आदिवासी की भूमि को ठेके के नाम कब्जा जमाने वाले इकबाल खान और देवेंद्र राय के नाम से आदिवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर उचित कार्यवाही की मांग की हे ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बताते चले कि केवलारी ब्लाक के कंजई ग्राम के अंतर्गत पड़ने वाले गांव खापा निवासी संकुरिया बाई ,उनकी बहन की पुत्री हंसकुमारी, भाई हंसकुमार जिनके ऊपर दबंगों ने ऐसा आतंक बरपाया की इस परिवार को रातों रात अपने गांव को छोड़कर कहीं दूर जिंदगी जीनी पड़ रही है। कईयों सालों से लगातार अपनी भूमि को वापस पाने की हर संभव कोशिश के बाद थक हारकर महिला हांसकुमारी बाई ने जिला पुलिस अधीक्षक से जमीन का हक दिलवाने की गुहार लगाई हे। आदिवासी महिला हंसकुमारी बाई ने आवेदन में बताया कि उनकी पैतृक भूमि जिसे खापा (कंजई ) गांव के इकबाल पटेल और देवेंद्र राय द्वारा एक मत होकर उनकी पैतृक भूमि पर कब्जा करके उस भूमि को दूसरे व्यक्ति का कब्जा दर्शाकर ठेके पर लेकर कब्जा कर लिया गया है। अपनी भूमि को वापस पाने की आस लिए संकुरिया बाई की एक बहन हरकुरिया बाई दुनिया छोड़कर चली गई । हरकुरिया बाई की बेटी और उनकी बहन संकुरिया बाई आज भी पैतृक भूमि को दबंगों से वापस पाने के लिए गुहार लगाती फिर रही है।



अपनी भूमि को वापस पाने की आस लिए आदिवासी परिवार द्वारा अलग-अलग जगह गुहार लगाई गई पर सुनवाई नहीं हुई। दबंगों की तगड़ी सेटिंग की वजह से दबंग हर बार बचते रहते है। वही आदिवासी की भूमि के कागज चिल्ला चिल्ला के भूमि स्वामी का कब्जा बता रहे हैं उधर धरातल में कब्जा दबंग जमाकर बैठे हैं। हंसकुमारी बाई द्वारा बताया गया कि मेरी मां की भूमि में मां के मृत्यु के बाद फोत में नाम और वारसान अनुसार मुझे भूमि में वाजिफ अधिकार मिलना चाहिए।

वही हम जब खापा ग्राम में जाकर खेती करना चाहते हैं तो दबंगों द्वारा डराया धामकाया जाता है और कहा जाता है कि यह जमीन उनके द्वारा खरीदी गई है।

पीड़तिों का कहना है कि अगर दबंगों ने जमीन खरीदे हैं तो वह जमीन की वाजिब रजिस्ट्री पेश करें। हम लोगों को कानून की ज्यादा समझदारी नहीं है यही कारण से हमको पटवारी भी गुमराह करता है।

बताते चले कि आदिवासी परिवार की भूमि में वर्षों से कब्जा करके बैठे दबंग के प्रति आदिवासी परिवार को भूमि स्वामी होने के बाद में भी दर-दर भटकने की जरूरत ना पड़े वही उसे उसकी भूमि का वाजिब अधिकार मिल जाए इस उम्मीद से आदिवासी महिला द्वारा एसपी से न्याय की गुहार लगाई गई है।

ग्राम पंचायत सहायक सचिव की खुलेआम दबंगई

# पंचायत में सरपंच, सचिव, उपसरपंच से कोई मतलब न रखने वाला सहायक सचिव बिना पूछे करता है पंचायत में अपनी मनमर्जी का कार्य

## सहायक सचिव के लिए नहीं है जरूरी उच्च अधिकारियों की सहमति

सूत्रों से प्राप्त जानकारी जनपद पंचायत लखनादौन की ग्राम पंचायत धनककडी का मामला यहां के रोजगार सहायक सचिव द्वारका राय द्वारा ग्राम वासियों से रिश्वत की मांग की जा रही , रिश्वत न मिलने पर हितग्राही के साथ करता है दुर्व्यवहार जैसे उसके नाम काट देना , उसका मकान सेंगसन न करना और उसे गुमराह करना ऐसा ही बयान दिया है ग्राम के विजय नाथ पिता किशनलाल का कहना है उनका मकान सेंगसन हुआ जिसकी पहली किस्त 25,000 उनके खाते में आ भी गई उसके बात अगली किस्त के लिए जब वे सहायक सचिव द्वारका राय के पास गए तब सहायक सचिव द्वारा उनसे 10,000 रुपए की मांग की गई ।जब विजय नाथ ने इंकार कर दिया तो उनका नाम पी एम मकान योजना से काट दिया और खाते में होल्ड लगवाकर बाद में विजय नाथ को गुमराह कर कह दिया कि यह पैसे किसी और के आ गए थे ।द्वारका राय के इस कार्य में उच्च अधिकारी भी मौन है जनपद पंचायत का बाबू भी मिला हुआ है यह शिलसिला बहुत सालों से चला आ रहा है तकरीबन साल 2018 से इनके कारनामे सामने आने लगे ,इनके ऊपर कई नोटिस लगे , पंचायत प्रस्ताव पारित हुए किंतु इनकी पहुंच इतनी है कि आजतक शासन द्वारा इन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई ।

**ऐसे रोजगार सचिव का ट्रांसफर नहीं सस्पेंशन ही जनता के लिए होगा निराकरण:** सिवनी जिले की ग्राम पंचायत धनककड़ी के रोजगार सहायक अनधिकृत तरीके से भ्रष्टाचार में संलिप्त है। इनकी कारस्तानियां और भ्रष्टाचार का आतंक ऐसा है कि ग्रामीण त्रस्त हो चुके हैं। सरकारी योजनाएं जैसे कि गौ शाला शेड, नलकूप और बलराम तालाब जैसे कार्यों का केवल सेंगसन करवा कर उनकी राशि निकलवा लिया गया जबकि वास्तव में कार्य हुआ ही नहीं । रोजगार सचिव द्वारका राय जी जिस भी पंचायत में जाते है अपने रिश्तेदारों और स्वयं की पत्नी तथा मां के खाते में हितग्राही का पैसा डालकर राशि गबन करते हैं । सूत्रों से मिली जानकारी वर्ष 20/21 में इन्हें कुछ महीनों के लिए ग्राम पंचायत डुंगरिया का कार्य सौंपा गया था जिसमें एक हितग्राही गया प्रसाद उइके ने एस डी एम महोदय से आवेदन किया है कि द्वारका राय द्वारा उनके पी एम आवास योजना के पैसे स्वीकृत कर उनकी पत्नी के खाते में डाल लिया गया जब हितग्राही को पता चला तो उसने एस डी एम महोदय को आवेदन किया । 181 में शिकायतों की बावजूद भी नहीं हो रही कोई जांच आखिर शासन प्रशासन इन भ्रष्टाचारियों पर क्यों रहती है मेहरबान।




**आखिर क्यों इनके कार्यों की नहीं होती जांच:** ग्राम पंचायत के उपसरपंच सहित ग्रामीण जनों ने कई बार 181 शिकायत के साथ ही जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है इसके बावजूद भी अभी तक भ्रष्ट रोजगार सहायक और सचिव का किसी प्रकार की कोई जांच नहीं बिठा ली गई यह शोचनीय विषय है। पंचायत दर्पण पर भी किसी कार्य को जानकारी और फोटो नहीं डालते हैं ,अनियमित प्रकार के बिल करते है पोस्ट फिर भी शासन की नजर नहीं इन पर , सहायक सचिव मनमानी करते हे इनके द्वारा कराए जाने वाले पंचायत के सभी कार्यों की जांच कराई जाए। समस्त ग्रामवासी इनके कार्यों से परेशान हे। वास्तविक हितग्राही की मांगों को पूरा नहीं करते हे पंचायत कर्मी। क्या उच्च अधिकारी करेंगे निष्पक्ष जांच या इनकी मनमानी रहेगी बरकरार ।

इन कृत्यों के कारण इन्हें कुछ समय के लिए निलंबित भी किया गया था परंतु द्वारका राय ने अपनी भ्रष्टाचारी से फिर से जगह बना की वरिष्ठ अधिकारी नहीं लिए संज्ञान चुपचाप चश्मा लगाकर देखते हैं तमाशा आखिर शासन क्यों ऐसे भ्रष्टाचारियों को देती है पनाह शासन से अनुरोध है निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए , स्थानांतरण नहीं सस्पेंशन होगा उचित न्याय जानेंगे आगे की खबरों में आखिर शासन कब करेगा न्याय ।

## तीन से चार लोगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से दुग्ध विक्रेता हमला उपचार दौरान हुई मौत

**सिवनी के सिमरिया गांव में एक दुग्ध विक्रेता की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जीवन उर्फ सतीश बघेल (35) के रूप में हुई है। दरअसल, शनिवार रात सिमरिया कृषि उपज मंडी के सामने स्थित अपने घर में अकेले रह रहे जीवन पर तीन से चार लोगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गंभीर रूप से घायल जीवन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि मृतक का आरोपितों के साथ कई सालों से विवाद चल रहा था।

### परिजनों ने की शव रखकर प्रदर्शन की कोशिश

रविवार सुबह पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। शव को लेकर जा रहे परिजनों ने सर्किट हाउस चौराहे पर प्रदर्शन की कोशिश की। आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजनों को पुलिस ने समझाकर शांत कराया।मामला दर्ज कर आरोपियों की हुई तलाश

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने एम्बुलेंस को अपनी जीप से खींचकर सिमरिया गांव तक पहुंचाया। परिजनों ने निक्की, विक्की राजकिशोर बघेल और बड्डू बघेल (भागखेड़ा) पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर्पित बहनों के माता पिता का किया गया भव्य स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी के 66वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, सिवनी जिले की माटी मैं जन्मी ब्रह्माकुमारी बहनों के मात-पिता का सम्मान कर बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मझगवा के मौनी दादा आश्रम से माननीय बलवंतानंद जी को आमंत्रित किया गया।

सिवनी जिले के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि यहां करीब 70 बहने ब्रह्मा कुमारी बनी है। संपूर्ण जिले से सभी ब्रह्माकुमारी बहनों के मात-पिता को शांति शिखर में आमंत्रित किया गया और उनका भव्य सम्मान भी किया गया। सभी ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने मात-पिता के प्रति अपने दिल के भाव गीत, संगीत, नृत्य एवं नाटिका के द्वारा अभिव्यक्त किया। यह दृश्य बड़ा ही भावुक कर देने वाला था। सभी मात पिता अपने आप को बहुत गौरांवित महसूस कर रहे थे। सभी ब्रह्माकुमारी बहने अपने माता-पिता का सम्मान होता देखा बेहद प्रसन्न थी। ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि आज संपूर्ण सिवनी जिले में इस संस्थान की सेवाओं का जो विस्तार हुआ है इन सभी बहनों के सहयोग से ही संभव हुआ है, और इन बहनों को समर्पित होने की अनुमति प्रदान करने वाले इन मात-पिता का धन्यवाद अदा करना, इनका सम्मान करना यह हमारा फर्ज बनता है। कई जन्मों के पुण्य कर्म एकत्रित होते हैं तब जाकर मात पिता को ऐसी दिव्य संताने प्राप्त होती हैं, जो केवल एक परिवार नहीं लेकिन विश्व कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करती हैं, त्याग, तपस्या और सेवा को अपना श्रृंगार बनाकर के स्वयं को परमात्मा पर समर्पित कर विश्व सेवा के लिए अपने आप को न्योछावर कर देती हैं। धन्य है ऐसे मात-पिता और धन्य है यह बहने। हम अपने जन्म दिवस को आज इन बहनों के मात-पिता को समर्पित करते हैं और अपने जन्म दिवस पर इन सब का सम्मान करते हैं।

**नाम संशोधन सूचना**

में राकेश कुमार दुग्गल उम्र 59 वर्ष बारापत्थर जिला सिवनी (म.प्र.) का निवासी हूँ। यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राकेश दुग्गल दर्ज है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो (आधार, कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य सालेय दस्तावेज मे मेरा नाम राकेश कुमार दुग्गल दर्ज हैं। अतः मेरा नाम राकेश दुग्गल के बजाय राकेश कुमार दुग्गल सुधार कर दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता-राकेश कुमार दुग्गल
जिला सिवनी

**नाम संशोधन सूचना**

मे संस्कृत अवधिया उम्र 21 वर्ष है मेरे पिताजी का नाम सतीश कुमार अवधिया ग्राम आदेगांव के निवासी हैं यह की मेरे जन्म प्रमाण पत्र में खुशी अवधिया दर्ज है जबकि मेरा सही नाम आधार कार्ड अंक सूची में संस्कृत अवधिया है अतः मेरा नाम खुशी अवधिया बजाय संस्कृति अवधिया सुधार कर दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता सतीश अवधिया

**नाम संशोधन सूचना**

मै सतीश कुमार अवधिया मेरी छोटी बेटी अनुश्री अवधिया उम्र 14 वर्ष है ग्राम आदेगांव के निवासी हैं यह की मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में ऑशी दर्ज है जबकि सही नाम अनुश्री अवधिया अंकसूची, आधार कार्ड में है अतः आंशी अवधिया बजाय अनुश्री अवधिया सुधार कर किया जाए।

शपथकर्ता- सतीश अवधिया

# श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्रमजीवी पत्रकार परिषद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शरद दुबे के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संतोष ठाकुर की अध्यक्षता में नगर के बाहुबली होटल में कार्यकारिणी गठन हेतु पत्रकारगणों की बैठक का आयोजन किया गया, विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से श्रमजीवी पत्रकार परिषद की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सानू पाशा, सतीश शर्मा, महेंद्र शेरू बघेल नियुक्त किया गया है, संगठन मंत्री के पद पर डॉ. संतोष ठाकुर को नियुक्त किया गया है। इसी तरह कोषाध्यक्ष के पद पर संदीप ठाकुर को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया, तो वहीं श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला सचिव विनोद सोनी, राधेश्याम सनोडिया को बनाया गया है।

श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष श्री दुबे के द्वारा मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी लोकेश उपाध्याय, गोपाल चौरसिया को दी गई है। सांस्कृतिक सचिव के पद पर संजय जैन संजू, महेंद्र सनोडिया की नियुक्ति की गई है। जबकि सभापति रवि सनोडिया, विनोद दुबे को बनाया गया है। महामंत्री के पद पर हिमांशु कौशल, राजू तिवारी, राकेश मालवीय की नियुक्ति की गई हैं। प्रचार अधिकारी मोनू राकेशिया, चेतन गांधी, अजय राय को बनाया गया है, विशेष सलाहकार पद पर अयुब कुरैशी, योगेश सूर्यवंशी, अनिल दामड़े, आदिल खान, अफरोज खान को नियुक्त किया गया है। श्री दुबे के द्वारा समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की रीति-नीति को ध्यान में रखते हुए संगठन के विस्तार एवं पत्रकारों के हित में कार्य करने का आग्रह करते शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## पुनः पत्रकार परिषद कुरई विकासखंड अध्यक्ष बने बिहारीलाल सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पत्रकार परिषद कुरई विकासखंड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पुनः वरिष्ठ पत्रकार बिहारीलाल सोनी को सौंपी गई है। यह निर्णय परिषद के जिला अध्यक्ष शरद दुबे की अनुशंसा पर लिया गया। सोनी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसमस्याओं को मुखरता से उठाते रहे हैं। उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों को देखते हुए परिषद ने एक बार फिर उन्हें अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सोनी ने कहा कि पत्रकार परिषद का उद्देश्य क्षेत्र के पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें संगठित मंच उपलब्ध कराना है। साथ ही जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना और शासन-प्रशासन तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उनके अध्यक्ष चुने जाने की सूचना मिलते ही इष्टमित्रों, शुभचिंतकों और परिजनों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुलिस जांच में जुटी, सवाल कौन है हत्यारे, घर में कैसे की एंट्री

# मोहगांव में बिसेन दंपत्ति की निर्मम हत्या!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली डबल मर्डर की वारदात सामने आई है. यहां के ग्राम मोहगांव में प्रतिष्ठित बिसेन परिवार से ताल्लुक रखने वाले बिसेन दंपत्ति की लाश उन्हीं के घर पर बेडरूम में लहूलुहान हालत में बरामद की गई है. प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपियों के द्वारा निर्मम हत्या करने का अनुमान लगाया गया है. इस पूरी वारदात को अंजाम देने में 2 से अधिक लोगों के शामिल होने का प्रारंभिक अनुमान है. शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि अज्ञात हत्यारों ने हेमेन्द्र बिसेन (47 वर्ष) और धर्मपत्नी योगिता बिसेन (47)5 वर्ष) की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी है. रविवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे हेमेन्द्र बिसेन के सभी तीन भाईयों और भाभियों को घटना के बारे में पता चला. जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. इस वीभत्स घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया है. एसडीओपी विवेक शर्मा और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुशराम की मौजूदगी में एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए है. फिलहाल बिसेन दंपत्ति की हत्या के पीछे कारणों की अभी कोई ठोस पुष्टि नहीं हो पाई है. जन चर्चा के अनुसार लूट की वारदात को अंजाम देने की मंशा से घर में घुसने वाले आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया



लेकिन यह कहना भी जल्दबाजी ही होगी क्योंकि घर के किसी भी हिस्से में दरवाजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. बहरहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है और पुलिस जांच के बाद ही आरोपियों का पता चलेगा. बिसेन दंपत्ति की हत्या करने वाले हत्यारे कौन है और संयुक्त परिवार के लिए बने घर में उनकी एंट्री कैसे हुई यह बड़ा सवाल है।

मिली जानकारी अनुसार परिवार में सबसे छोटे हेमेन्द्र बिसेन हार्डवेयर का व्यापार करते थे. पड़ोस के ही नांदी गांव में उनकी हार्डवेयर की दुकान है और अपने तीन बड़े भाई ईश्वरी प्रसाद बिसेन, करण बिसेन और शैलेन्द्र बिसेन के साथ एक ही परिसर में बने मकान में निवास करते थे. शनिवार की रात्रि को सभी ने साथ में भोजन किया और करीब 12 बजे तक टीवी देखने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने के लिए चले गए. हेमेन्द्र का पुत्र भी अलग कमरे में सोने के लिए चले गया. रविवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे



जब हेमेन्द्र और उनकी धर्मपत्नी नहीं जागी तो करण बिसेन की पत्नी अपने देवर और बहू को जगाने के लिए उनके कमरे की तरफ गई. जहां बहू योगिता बिसेन बिस्तर पर और देवर नीचे जमीन पर खून से लथपथ मृत अवस्था में थे. उन्होंने तत्काल अपनी पति को यह जानकारी दी और फिर सभी भाई एकत्रित हुए. करण बिसेन अपने साथियों को बताते है कि हेमेन्द्र का बेटा जो कक्षा नवमीं में पढ़ाई करता है वह प्रतिदिन उसी के साथ नाश्ता करने के बाद दुकान के लिए जाते थे आज भी नाश्ता बनकर तैयार होने पर उन्होंने अपनी पत्नी को बेटे को बुलाकर लाने कहा लेकिन पत्नी ने रविवार है सोने दीजिए यह बोलकर बात को समाप्त किया और देवरानी और देवर क्यों नहीं उठे यह देखने गई तो कमरे में लाश पड़ी थी. हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों ने हेमेन्द्र के सिर पर किसी धारदार हथियार से हमला किया जबकि उनकी पत्नी से भी मारपीट कर हत्या कर दी गई।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में हुई इस वारदात ने सभी को अचरज में डाल दिया है. क्योंकि बिसेन परिवार के प्रत्येक सदस्य का व्यवहार बेहद ही संतोषजनक है. आपस में सभी भाईयों के बीच घनिष्ट प्रेम भी है. इस घटना के बाद पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत जैसे नेता भी घटनास्थल पहुंचे. विधायक गौरव सिंह पारधी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है. बिसेन परिवार को जानने वाले हर शख्स ने घटना पर दुख व्यक्त किया और सभी की इच्छा है पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करें. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हर बिंदु पर जांच की है, ताकि हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके. रविवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे दोनों ही पति-पत्नि के शवों को पीएम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है. सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाना है. बता दें कि सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं होने की वजह से करीब 02 घंटे तक डेड बॉडी को वाहन में ही रखा गया और बालाघाट से महिला चिकित्सक आने के बाद शव का पीएम हो पाया।

## बालाघाट प्रवास पर दयाराम राय हुए सम्मानित

### भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की गई भेंट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जब राष्ट्रीय बिरसा मुंडा क्रान्ती सेना भारत के संस्थापक /राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान ढिल्लन सिंह ताराम जी एडवोकेट ऑफ हाईकोर्ट ने अपने साथियों के साथ सर्किट हाउस में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ती भेंट कर सम्मानित किया तो इस गौरब मयी सम्मान पाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय का मन प्रफूल्ति हुआ और मूर्ति को सिरोधार्य किया वीते कल बालाघाट म०प्र० में राष्ट्रीय विरसा मुंडा क्रान्ती सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऑफ हाईकोट श्री ढिल्लन सिंह ताराम जी ने अपने पदाधिकारियों के साथ, राष्ट्रीय संरक्षक बीजेपी में नगर मण्डल अध्यक्ष श्री रमाकांत ढ़हाके जी , राष्ट्रीय संरक्षक,बीजेपी युवा मोर्चा पूर्व जिला मंत्री श्री राहुल जी



ने अंग बस्त उड़ाकर तथा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति भेंट कर पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय को सम्मानित किया श्री राय ने सभी का तहे दिल से शुक्रिया आभार तदउपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय ने आँवला के पेड़ का पोधा लगाकर बृक्षा रोपड़ किया । बताते चलें कि बालाघाट प्रवास के दौरान राष्ट्रीय दयाराम राय को ग्राम पंचायतों में जाकर ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी थी और और बृहद बृक्षारोपड़ भी करना था लेकिन स्वास्थ खराब होने के कारण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा । अब उन्होंने अगले माह में आने का कार्यक्रम बनाया है ।

### अब तक 1178 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 14 सितंबर 2025 तक 1178 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 1161 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है।

## ग्राम पंचायत सकरी को नशा मुक्त बनाने हेतु निकल गई रैली



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम पंचायत सकरी में कच्ची शराब बेचना एवं बनाना बंद करने हेतु समिति की महिलाओं एवं सरपंच मुकदम एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक रैली में शामिल रहे। सकरी ग्राम पंचायत से रैली निकाली गई जो ग्राम में भ्रमण कर समझाईश देते हुए ग्राम सेमर टोला टेकाड़ी एवं सकरी टोला पहुंचकर रैली का समापन किया गया। रैली में समिति के अध्यक्ष सुनीता निवारे, उपाध्यक्ष रुक्मणी ठाकरे, सचिव अनसूया बघेल, गंगेश्वरी वर्षा रांहगडाले, प्रेमलता, संगीता, ममता, राजेश्वरी, सुनीता राहंगडाले, अनीता, बबीता, पुष्पा पटेल, राजेश्वरी ठाकरे, कल्पना पटले, खेलन ठाकरे, हेमलता हनुमते, सरमन हनुमते, गीता सोनी, द्वारका पटेल, ज्योति रावत अन्य सदस्य शामिल रहे एवं चांगोटोला थाना प्रभारी एवं स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। पत्रकार प्रीतम यादव भी शामिल रहे।

### इनका कहना है

आज हम समस्त ग्राम पंचायत सकरी के निवासी शराब मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु ग्राम में रैली का आयोजन कर लोगों को समझाईश देते हुए शराब बंद करने हेतु समझाया गया।

**रुक्मणी ठाकरे उपाध्यक्ष**
**ग्राम पंचायत सकरी टोला**

### पशुओं की देखभाल एवं पोषण पर दिए निर्देश

**बालाघाट।** उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एन.डी. पुरी ने 13 सितंबर को लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बगदेही की गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं के रखरखाव, पशुओं की स्थिति एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में कुल 98 गोवंशीय पशु सुरक्षित एवं स्वस्थ अवस्था में मौजूद हैं। गौशाला का संचालन करने वाले समूह सदस्यों ने बताया कि एक गाय ने मादा बछिया को जन्म दिया है। मौके पर किसी भी पशु की मृत्यु दर्ज नहीं पाई गई।

## सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में हिन्दी दिवस का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** हिंदी भाषा के संवर्धन व विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहें हैं । इसी क्रम मे सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के नवनिर्मित सभागार में हिंदी दिवस का कार्यक्रम 13 सितंबर 2025 दिन शनिवार को आयोजित किया गया । बालाघाट जिले को साहित्यिक कार्यक्रमों से सुशोभित करने वाले ख्याति प्राप्त कवियों, साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि भाषा वह माध्यम हैं जिससे वक्ता अपने भावों, विचारों को श्रोता तक प्रेषित करता हैं । हिंदी केवल हमारी राष्ट्र भाषा ही नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, शान और सम्मान का प्रतीक है। आज का दिन हमारे लिए बेहद ही खास है, क्योंकि यह दिन हमें अपनी भाषा के महत्व को जानने व समझने और अपनी विरासत को याद करने का अवसर देती है। 14 सितंबर को ही भारत में हिंदी दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है?

14 सितंबर का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है। यह पूरे देश को एक रखने वाली भाषा हिंदी का दिन है। इसी दिन इस भाषा को 14 सितंबर 1949 को संवैधानिक राज भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ और 14 सितंबर 1953 से अनवरत इस दिवस को आज पर्यंत हिंदी दिवस के रुप में मनाया



जाता रहा हैं । सांस्कृतिक विविधताओं से भरे देश भारत में हिंदी दिवस के दिन की अहमियत बहुत ज्यादा है। कोई भी हिन्दुस्तानी जहां भी हो, दूसरे देशों से भी हिंदुस्तानी से हिंदी भाषा के जरिए ही अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता है। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ.सतीश चिले - सेवानिवृत्त प्राचार्य महाविद्यालय सिवनी, विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र शुक्ल-सहज, अमर सिंह ठाकुर, चंद्र शेखर डोंगरे, मोहन आचार्य, श्रीमती अलका चौधरी,श्री साहेबलाल दशरिये, अशोक सागर मिश्र मुख्य रुप से उपस्थित रहें । सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया तत्पश्चात सभी उपस्थित अतिथियों का संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले व हिंदी शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम में साहित्यकारो ने प्रभाव पूर्ण,ओजपूर्ण काव्यपाठ से सांदीपनि विद्यालय के सभागार में उपस्थित छात्रों व शिक्षकों का मनमोह लिया । सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के सभागार में प्रथम बार हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रवाहित काव्यधारा में विद्यालय की कु.साक्षी राहंगडाले, कु.गोल्डी पारधी व कु.आर्या खांडीलकर ने प्रभावशाली काव्यपाठ कर सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया ।

## कृषि अधिकारी ने किसानों के खेतों का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बिरसा ब्लाक के सोनगुड्डा, धुनधुनवर्धा सहित आसपास के गांवों का कृषि विकास अधिकारी बिरसा योगेश वाहने व पटवारी हिमांशु चतुर्वेदी ने किसानों के खेतों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोदो, कुटकी, रागी, अरहर, मक्का फसलों की गिरदावरी में जाकर सर्वे किया गया। इसके साथ ही 54 किसानों की लिस्ट तैयार की गई। जिसमें लगभग 100 से 125 एकड़ में कोदो, कुटकी की फसल लगी है, जिसकी गिरदावरी की गई। इसमें अधिकतर किसानों की गिरदावरी में एनए का टेक्निकल समस्या होने के कारण गिरदावरी नहीं हो पाई है, इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। किसानों को अनिवार्य रूप से अपनी गिरदावरी में अपनी फसल दर्ज करने के लिए सर्वेयर व पटवारी से संपर्क कर दर्ज करवाने कहा गया।

## आदि शक्ति सेना की जिलाध्यक्ष बनी रीना त्रिवेदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट से लगी औधोगिक नगरी गर्रा की पूर्व सरपंच रीना त्रिवेदी को नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य जी की सहमति से अंतरराष्ट्रीय संत बौध्दिक मंच के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री स्वदेशानंद जी महाराज सूरज ब्रम्हो के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संत बौध्दिक मंच का आदि शक्ति सेना बालाघाट का जिलाअध्यक्ष नियुक्त किया गया। गर्रा पूर्व सरपंच श्रीमती रीना त्रिवेदी के अंतराष्ट्रीय संत बौध्दिक मंच आदि शक्ति सेना की जिलाध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों में खुशी



की लहर है। और सभी ने शुभकामनाएं दी हैं।

चर्चा में रीना त्रिवेदी ने बताया कि जो दायित्व सौंपा गया है। उसका ईमानदारी से काम कर संगठन को मजबूत बनाने सहित अन्य क्षेत्र में बेहतर काम किया जायेगा। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी का विकास हो सके।

## महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन की धम्म सभा पूज्य भदंत धम्मशिखर जी की अध्यक्षता में बालाघाट में हुई संपन्न

### बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट भारतीय बौद्ध महासभा बालाघाट समता सैनिक दल की प्रमुख रूप से सहयोगी रहे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति के तत्वावधान में परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म स्थली महू इंदौर से 20 अगस्त 2025 से प्रारंभ विशाल धम्म मशाल यात्रा का 8 सितंबर 2025 को जिला मुख्यालय बालाघाट में स्थित त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी प्रज्ञा बुद्ध विहार इंद्रानगर बालाघाट पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी बालाघाट सम्यक बुद्ध विहार गंगानगर बालाघाट धम्मशील बुद्ध विहार ढीमरटोली बालाघाट प्रेरणा बुद्ध विहार जय हिंद टाकीज के पीछे बालाघाट इत्यादि बुद्ध विहार में विशाल शांति मशाल रैली भ्रमण कर परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर चौक बालाघाट में माल्यार्पण कर उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के ग्राउंड में विशाल धम्म सभा के रूप में तब्दील हुई। ऐतिहासिक धम्म सभा पूज्य भदंत धम्मशिखर जी ( महाबोधि महाविहार बोधगया के प्रबंधन एक्ट 1949 को निरस्त करवाने सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के याचिकाकर्ता) की अध्यक्षता एवं पूज्य भदंत धम्मतप (राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम बोधगया) के मुख्य आथित्य व पूज्य भदंत कौंडन्य भंडारा महाराष्ट्र ₹मिलिंद बौद्ध (राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम) ₹अधिवक्ता संजय खोबरागड़े (राष्ट्रीय समन्वय महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति एवं जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ₹चिंतामन पगारे (प्रांतीय महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा) अशोक पाटिल (जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा भोपाल)₹इंजी किशोर बौद्ध (आचार्य राष्ट्रीय बौद्ध महासभा)₹ एलडी मेश्राम (प्रांतीय उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा) एमआर रामटेके (जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा बालाघाट) प्रीति बरखा कांबले (जिला उपाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा बालाघाट ) रामचंद मेश्राम जी भोजराज वासनिक जी डीडी गजभिए जी डॉ. प्रदीप मेश्राम मल्ला मेश्राम भूतपूर्व अध्यक्ष जिला स्तरीय जयंती समारोह बालाघाट के विशेष आथित्य में संपन्न हुई।कार्यक्रम के प्रारंभ पूज्य भदंत धम्मशिखर पूज्य भदंत धम्मतप जी पूज्य भदंत कौंडन्य ने बुद्ध वंदना संपन्न करवाई




तदोपरांत विकाश खांडेकर (जिला अध्यक्ष महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट) ने प्रस्ताविक भाषण में आंदोलन के संदर्भ में विचार व्यक्त करते हुए बताया कि समूचे भारत में एक मात्र बालाघाट जिले की तमाम तहसीलों में मशाल रैली यात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम के विशेष अतिथि इंजीनियर किशोर बौद्ध ने महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के संदर्भ में उद्बोधन करते हुए कहा कि तथागत सम्यक सम्बुद्ध को बोधगया में सम्यक ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। देवनामप्रिय सम्राट अशोक ने अपने मौर्य वंश के शासन काल में बोध गया में महाबोधि महाविहार बोधगया का निर्माण किए उक्त स्थान भारत ही नहीं अपितु दुनिया भर के समूचे बौद्ध अनुयायियों के श्रद्धा का केंद्र है।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रमुख ओजस्वी वक्ता अधिवक्ता संजय खोबरागड़े (राष्ट्रीय समन्वय महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति एवं जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ने अपने चिर परिचित अंदाज में जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बोधगया महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन का प्रमुख केंद्र बालाघाट जिला है। पूज्य भदंत धम्मशिखर जी के नेतृत्व में महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के 3 चरणों में आंदोलन हुआ और 5000 हजार किमी की धम्म मशाल यात्रा परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म स्थली महू (इंदौर)से ऐतिहासिक दीक्षा भूमि नागपुर तक के लिए निकाली गई अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने अपने उद्बोधन में कहा की भारतीय संविधान के भाग 3 अनुच्छेद 13में स्पष्ट है की 26 जनवरी 1950 को लागू होने के ठीक पहले भारत के राज्य क्षेत्र में प्रवृत्त सभी अध्यादेश आदेश विधियां उपविधि नियम विनियम शून्य होगे 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के बावजूद भी बीटीएमटी एक्ट 1949 निरसित न कर तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने बौद्धों की भावनाओं के साथ कुठाराघात किया है तथा समय समय पर केंद्र की सरकार व बिहार राज्य की सरकार जिसमें कांग्रेस जनता दल राष्ट्रीय जनता दल बीजेपी और नीतीश कुमार की सरकार ने बौद्धों के साथ कुठाराघात किया है। पूज्य भदंत धम्म तप ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूज्य भदंत धम्मशिखर जी के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी मशाल रैली प्रारंभ 20 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर मप्र के अनेक जिलों से भ्रमण कर बालाघाट जिले की तहसील कटंगी में 3 सितंबर, कटंगी 4 सितंबर, तिरोड़ी खैरलांजी 5, वारासिवनी लालबर्रा बैहर 6, मलाजखंड बिरसा दमोह लांजी किरनापुर 7, भरवेली आंवलाझरी कटंगटोला तवेझरी हीरापुर बगदरा पुरानी कोसमी 8 सितंबर मुख्यालय बालाघाट के तमाम बुद्ध से भ्रमण कर विशाल धम्म सभा के रूप में तब्दील हुई है। भंते धम्मतप ने अपने उद्बोधन में कहा कि अब हम लड़ो या मरो की स्थिति में आंदोलन को लेकर समूचे देश में भ्रमण कर रहे है।कार्यक्रम के अध्यक्ष पूज्य भदंत धम्मशिखर जी (महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति हेतु सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत याचिकाकर्ता) ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन भारत ही नहीं अपितु दुनियाभर के तमाम बौद्ध अनुयायियों का आंदोलन है। पूज्य भदंत धम्मशिखर जी के उद्बोधन उपरांत विशाल मशाल रैली कलेक्टर कार्यालय बालाघाट पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार दिल्ली माननीय प्रधानमंत्री महोदय भारत सरकार दिल्ली महामहिम राज्यपाल महोदय बिहार सरकार पटना माननीय मुख्यमंत्री महोदय बिहार सरकार पटना को ज्ञापन प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के जिला अध्यक्ष विकास खांडेकर उपाध्यक्ष शोभना मेश्राम डॉ. अशोक डोंगरे सचिव संरक्षक रवि पटले (जिला सचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) राजेश रंगारी प्रदीप उके, अधिवक्ता सुनील बेले, इत्यादि लोगों ने अथक सहयोग किया।

## शास. हाईस्कूल सुनारककोड़ी में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के लाँजी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के शास. हाई स्कूल में 9 सितंबर 2025 को सघन जागरूकता अभियान के तहत आई सी टी सी काउंसलर प्रमिला कटरे द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के छात्र छात्राओं को एचआईव्ही एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके एएमओ डॉ विद्या ऊके द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वस्थ रहने के बारे में उचित एवं उपयोगी जानकारी दी गई । विकासखंड स्तरीय उमंग काउंसलर श्री शिव हरिखेड़े द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एवं आरकेएसके की प्राथमिकताओं के बारे में समझाते हुए पोषण के महत्व को समझाया गया तथा कुपोषण को दूर करने व एनिमिया के प्रसार को रोकना और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान से संबंधित विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी दी गई । जीवन कौशल शिक्षा उमंग के अंतर्गत किशोरों के व्यवहार परिवर्तन को समझना, चोट, हिंसा एवं लिंग आधारित भेदभाव को रोकने के लिए अनुकूल दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, कम उम्र में विवाह से होने वाले नुकसान, गर्भधारण एवं कैरियर संबंधी उपयोगी जानकारी दी गई । उमंग स्वास्थ्य केंद्र द्वारा इन सभी क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतू विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारियां दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित श्री डोहरे द्वारा मलेरिया तथा उसके रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई । कुष्ठ एवं चर्मरोग संबंधी जानकारी श्री आरिफ़ हुसैन द्वारा दी गई और बड़े सरलतम शब्दों में समझाया गया कि हम कैसे कुष्ठ रोग तथा चर्मरोगों के उपचार हेतू स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर सकते हैं । उमंग हेल्पलाईन नं. , मन हित ऐप एवं जस्ट आस्क चैट तथा एड्स हेल्पलाईन नं. के सटिक उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई । इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी एम.एल. एड़े, विद्यालय के लिए उमंग एंबेसेडर एन.गजभिये , एएनएम सावित्री बाहेश्वर , आशा कार्यकर्ता पद्मा बड़घैया तथा विद्यालय स्टॉफ मे पी.के.भिमटे , एस.सोनवाने , एच.कटरे, कपिल पटले, संगीता घोरमारे तथा छात्राध्यापक महेश चौके, छात्राध्यापिका आरती घोरमारे के साथ रश्मि वाकड़े तथा भृत्य सुनिता बाई उपस्थित रहीं ।